कन्हैया तेरी महरबानी रहे | By Mukesh Bagda

कन्हैया तेरी महरबानी रहे
जब तलक ये मेरी ज़िंदगानी रहे, ज़िंदगानी रहे

कन्हैया ओ कन्हैया
कन्हैया ओ कन्हैया

हम गरीबो का तू है सहारा
वरना साथी है कौन हमारा
बदले सारा जहाँ ये ज़मीं आसमां
प्रीत अपनी तो वो ही पुरानी रहे, पुरानी रहे
कन्हैया ओ कन्हैया
कन्हैया ओ कन्हैया

हर करम तेरी खातिर किये है
हर कदम मेरा तेरे लिए है
मैं रहूं ना रहूं, तुमसे इतना कहूं
सबके होंठों पे अपनी कहानी रहे, कहानी रहे
कन्हैया ओ कन्हैया
कन्हैया ओ कन्हैया

भूल से ही हमें याद कर लो
हम से बनवारी कुछ बात कर लो
और कुछ ना करो, इतना तो करो
पास मेरे तुम्हारी निशानी रहे, निशानी रहे
कन्हैया ओ कन्हैया
कन्हैया ओ कन्हैया

कन्हैया तेरी महरबानी रहे
जब तलक ये मेरी ज़िंदगानी रहे, ज़िंदगानी रहे

कन्हैया ओ कन्हैया
कन्हैया ओ कन्हैया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%87-by-m/